भारत का सबसे तेज बढ़ता अखबार

दैनिक भास्कर

राजस्थान : जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, म.प्र.: भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर, जबलपुर, सतना, उ.प्र.: झांसी

जयपुर, रविवार 4 जुलाई 1999

शहीद की कैंसर पीड़ित पत्नी के निशुल्क इलाज की पेशकश

जयपुर, 3 जुलाई (कासं)। कारगिल मोर्चे पर शहीद हुए हिमाचल प्रदेश के जवान वीरसिंह की रक्त कैंसर से पीड़ित पत्नी का निशुल्क इलाज करने की पेशकश जयपुर के एक चिकित्सक ने की है। उन्होंने कहा है कि वे सांघातिक बीमारी से पीड़ित शहीद की पत्नी की चिकित्सीय स्तर पर हरसंभव मदद करने को तैयार हैं। हिमाचल के मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को भेजे गए संदेश में जयपुर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदलाल तिवारी ने कहा है कि वे शहीद की पत्नी का जयपुर आने-जाने तथा इलाज के दौरान ठहरने का खर्च भी स्वयं वहन करेंगे। डॉ. तिवारी ने कहा है कि यदि किसी कारण से शहीद की पत्नी फिलहाल यहां आने में असमर्थ हों तो वे उनकी केस स्टडी करके अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उन्हें दवाएं भेजने को भी तैयार हैं।

भास्कर में छपी खबर पढ़ने के बाद डॉ. तिवारी ने रक्षा मंत्रालय से संपर्क किया, जहां से उन्हें हिमाचल के मुख्यमंत्री सचिवालय में संपर्क करने को कहा गया ताकि शहीद के परिवार की तत्काल मदद संभव हो सके। मुख्यमंत्री धूमल के निजी सहायक अरुण शर्मा ने आश्वस्त किया है कि वे डॉ. तिवारी की पेशकश तत्काल शहीद के परिवार तक पहुंचा देंगे। उल्लेखनीय है कि श्री धूमल ने गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के शहीदों का वृत्तांत जब प्रधानमंत्री वाजपेयी को नई दिल्ली में सुनाया तो तब प्रधानमंत्री स्वयं को संभाल नहीं पाए और फफक पड़े थे। शहीद वीरसिंह की पोलियो पीड़ित बच्ची को गुजरात की एक सामाजिक संस्था ने उक्त खबर पढ़ने के बाद शुक्रवार को गोद लेने की घोषणा की है।

126